# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 18 नवम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 51

# आज से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए मोदी



नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता मौजूद थे और उन्होंने संसद के आगामी सत्र के बारे में अपने-अपने विचार रखे।

अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद का यह सत्र एक विशेष अवसर है क्योंकि राज्य सभा का यह 250वां सत्र होगा। उन्होंने खुशी जाहिर की कि इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित करने की योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि ऊपरी सदन का 250वां सत्र भारतीय संसद और भारतीय संविधान की अनोखी ताकत को उजागर करने के लिए एक विशेष अवसर प्रदान करेगा जो भारत जैसे विविधता से भरे देश में शासन करने वाले संस्थानों को एक अति महत्वपूर्ण रूपरेखा प्रदान करता है। यह सत्र उस पृष्ठभूमि में हो रहा है जब भारत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती बना रहा है जिससे यह सत्र अनोखा और विशेष अवसर बन जाएगा।

प्रधानमंत्री ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए कुछ विशेष मुद्दों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार सभी दलों के साथ मिलकर रचनात्मक तरीके से कार्य करेगी ताकि लम्बित विधेयकों का ठोस समाधान निकाला जा सके और पर्यावरण और प्रदूषण, अर्थव्यवस्था, कृषि क्षेत्र और किसानों, महिलाओं के अधिकारों, युवा और समाज के कमजोर तबकों से जुड़े विशेष मुद्दों के लिए नीतिगत रूपरेखा तैयार की जा सके।

प्रधानमंत्री ने संसद का पिछला सत्र शान्ति से चलाने के लिए दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि इससे सरकार के कामकाज के बारे में लोगों के बीच सकारात्मक प्रभाव स्थापित करने में मदद मिली। इस संबंध में प्रधानमंत्री ने विविध मुद्दों पर हुई चर्चा में पहली बार बने सांसदों की ऊर्जावान भागीदारी का जिक्र किया और आशा व्यक्त की कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग से वर्तमान सत्र भी सफल और लाभदायक सिद्ध होगा। बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए, केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि नियमों और प्रक्रिया के अंतर्गत सरकार संसद के दोनों सदनों में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग करने को कहा। आगामी शीतकालीन सत्र की जानकारी देते हुए जोशी ने बताया कि संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार, 18 नवंबर से शुरू हो रहा है और सरकार के कामकाज को देखते हुए यह सत्र शुक्रवार 13 दिसंबर को समाप्त हो सकता है।

उन्होंने बताया कि 27 विधेयकों को चर्चा कराने और पारित कराने के लिए पेश किया जाएगा। जोशी ने यह भी बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (उत्पादन, निर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन) निषेध अध्यादेश, 2019 और विधि कराधान (संशोधन) अध्यादेश, 2019 के स्थान पर दो विधेयकों को आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया जाना आवश्यक है।

इस सत्र की 26 दिन में 20 बैठकें होंगी जिनमें निजी सदस्यों के कामकाज के चार दिन भी शामिल हैं। जोशी ने कहा कि विभिन्न मंत्रालयों / विभागों के सचिवों / वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 5 नवम्बर को हुई बैठक में आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान उठाए जाने वाले 47* विषयों की पहचान की गई (*46 विधायी और 01 वित्तीय विषय)।

सत्र के दौरान दोनों सदनों में लंबित जिन महत्वपूर्ण विधेयकों पर विचार करने और उन्हें पारित करने की आवश्यकता है उनमें राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2019; चिट फंड (संशोधन) विधेयक, 2019; सरोगेसी (विनियमन) विधेयक, 2019; अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद (संशोधन), विधेयक, 2019; बांध सुरक्षा विधेयक, 2019; ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) विधेयक, 2019; जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक (संशोधन) विधेयक, 2019; संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2019; और संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2019 शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जूता फैक्ट्री में लगी आग

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के दूरदराज के इलाके नरेला के जी-ब्लॉक में स्थित जूते की एक फैक्ट्री में रविवार तड़के आग लग गई। दो मंजिला इस फैक्ट्री की इमारत में आग लगने के बाद इसे बुझाने के लिए कुल 24 दमकल कर्मी मौके पर जा पहुंचे। फिलहाल आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। बिल्डिंग के अंदर दो लोगों के फंसे रहने की आशंका जताई जा रही है। उन्हें ढूंढ़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

### बांग्लादेश में गैस पाइपलाइन में विस्फोट, 7 की मौत

ढाका। दक्षिण-पश्चिमी बांग्लादेश में रविवार को एक मकान में गैस पाइपलाइन में विस्फोट होने से करीब 7 लोगों की मौत हो गई और 8 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बीडीन्यूज24.कॉम को बताया कि यह विस्फोट चट्टोग्राम शहर के पत्थरघाट में 5 मंजिला एक इमारत के भूतल पर हुआ। खबर में बताया गया है कि विस्फोट से इमारत की बाहरी दीवार गिर गई जिससे वहां से गुजर रहे पैदल यात्री घायल हो गए। वहीं इमारत के सामने स्थित एक दुकान को भी इस विस्फोट से नुकसान पहुंचा है। पुलिस के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस विस्फोट के पीछे की वजह क्या रही। इमारत का गैस राइजर इसकी चारदीवारी के बगल में है जहां विस्फोट हुआ है। पुलिस अधिकारी को यह कहते हुए उद्धृत किया गया है कि हो सकता है कि गैस राइजर (पाइप) में कोई दिक्कत आ गई हो या फिर यह विस्फोट सुबह खाना बनाने की गतिविधियों या सिगरेट की वजह से हुआ हो।

### संसद में विपक्ष के साथ बैठेगी शिवसेना

» दोनों सदनों में आवंटित हुई विपक्ष में सीटें

नई दिल्ली (आरएनएस)। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद पर बने गतिरोध के बाद भाजपा का साथ छोड़ने वाली शिवसेना अब संसद में विपक्ष के साथ बैठेगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने रविवार को कहा कि शिवसेना के मंत्री के केंद्र सरकार से इस्तीफे तथा महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए उसकी कांग्रेस और एनसीपी से चल रही बातचीत के बीच पार्टी को संसद के दोनों सदनों में विपक्ष की ओर सीटें आवंटित की जा रही हैं। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शिवसेना कोटे से एक मात्र मंत्री अरविंद सावंत ने बीते सोमवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। पार्टी ने शनिवार को कहा कि वह संसद के शीतकालीन सत्र की पूर्वसंध्या पर राजग के घटक दलों की बैठक में शामिल नहीं होगी। जोशी ने सर्वदलीय बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि शिवसेना के मंत्री ने एनडीए सरकार से इस्तीफा दे दिया है। वे आज एनडीए की बैठक में भाग नहीं ले रहे। वे कांग्रेस और एनसीपी के साथ गठबंधन पर बातचीत कर रहे हैं। इसलिए स्वाभाविक है कि उन्हें दोनों सदनों में विपक्ष की ओर सीटें आवंटित की जाएंगी।

### गोलीबारी में एक ही परिवार के 5 सदस्य मारे गए

लॉस एंजेलिस। अमेरिका के सदर्न कैलिफोर्निया में एक घर में गोलीबारी की घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चों सहित पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध मृतकों में से ही कोई एक है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, समाचार पत्र द सैन डियागो यूनियन-ट्रिब्यून के अनुसार, यह घटना शनिवार को पैराडाइज हिल में हुई, जो अमेरिका-मेक्सिको सीमा से 35 किलोमीटर दूर उत्तर में स्थित है। पुलिस ने कहा कि उन्हें 911 पर सुबह 6.49 बजे फोन आया। जब वे घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्हें गोली लगने से घायल कई लोग मिले। तीन साल का बच्चा, 29 साल की महिला और 31 साल का एक आदमी अंदर मृत पाए गए। पांच साल के बच्चे और नौ साल के बच्चे को अस्पताल ले जाया गया लेकिन दोनों ने ही दम तोड़ दिया। एक 11 वर्षीय लड़के को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सैन डियागो पुलिस विभाग के मैट डोब्स ने कहा कि एक मां और चार बच्चे मुख्य घर से सटे ग्रैनी फ्लैट में रहते थे, जहां परिवार के अन्य सदस्य रहते थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कुल कितने लोग अहाते में रहते थे।

# दिल्ली में लगे बीजेपी सांसद गौतम गंभीर के लापता होने के पोस्टर




नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य और पूर्वी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद गौतम गंभीर के लापता होने के पोस्टर लगे देखे गए। ये पोस्टर आईटीओ इलाके में पेड़ों और दीवारों पर चस्पा किए गए हैं। पोस्टर पर लिखा है, क्या आपने गौतम गंभीर को कहीं पर देखा है। आखिरी बार इन्हें इंदौर में जलेबी खाते हुए देखा गया था। तब से वो लापता हैं। पूरी दिल्ली इन्हें खोज रही है।

दरअसल, इसी हफ्ते दिल्ली में प्रदूषण को लेकर एक बैठक थी। इस बैठक में सांसद गौतम गंभीर को भी हिस्सा लेना था, लेकिन वो इंदौर में थे। वो वहां खेले जा रहे भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टैस्ट मैच की कमेंट्री करने के लिए थे। इसी बीच पूर्व क्रिकेटर लक्ष्मण के साथ जलेबी और पोहा खाते हुए उनकी एक तस्वीर सामने आई थी। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने गौतम गंभीर के प्रदूषण से संबंधित उच्च स्तरीय बैठक से अनुपस्थित रहने को लेकर हमला किया था। पार्टी ने पूर्व क्रिकेटर पर आरोप लगाते हुए कहा था कि प्रदूषण पर सियासत करने की बात हो तो गौतम गंभीर हमेशा आगे रहते हैं, लेकिन प्रदूषण से निपटने के उपायों की चर्चा में नहीं आए।

# शाह ने लद्दाख के लिए पहले विंटर ग्रेड डीजल बिक्री केन्द्र का उद्घाटन किया



नईदिल्ली (आरएनएस)। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को लद्दाख क्षेत्र के लिए पहले विंटर ग्रेड डीजल बिक्री केन्द्र का शुभारंभ किया, जिससे अत्यंत ठंड के मौसम में डीजल ईंधन के जम जाने के कारण लोगों की समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पानीपत रिफाइनरी द्वारा पहली बार उत्पादित विंटर ग्रेड डीजल इस क्षेत्र में -33 डिग्री की अत्यधिक सर्दी में भी नहीं जमता, जबकि सामान्य ग्रेड के डीजल के इस्तेमाल में कठिनाई होती है।

इस अवसर पर, शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार 2014 से लद्दाख क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जो पिछले 70 वर्षों से उपेक्षित था। संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शाह ने कहा कि लद्दाख अधिनियम में बदलाव करके, स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद को अधिक बजट देने के अलावा अधिक स्वायत्तता भी दी गई। स्थानीय करारोपण की शक्ति मिलने से वे खुद वित्तीय संसाधन भी जुटा पाएंगे। बिजली के लिए श्रीनगर-लेह ट्रांसमिशन लाइन, लेह एवं करगिल के लिए 14 सोलर परियोजनाओं, लद्दाख विश्वविद्यालय, दो नये महाविद्यालयों, दो नये टर्मिनलों, पांच नये टूरिस्ट सर्किट और पर्यटकों तथा पर्वतारोहियों के लिए ट्रैकों, 75 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता सहित विमान यात्रा सब्सिडी एवं जिला अस्पताल का उन्नयन सहित जैसे नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों में किये गये अनेक उपायों की चर्चा करते हुए, शाह ने कहा कि लद्दाख, लेह और करगिल के लोगों को समान अधिकार मिलेंगे और वे देश के विकास में एकसमान भागीदार होंगे। शाह ने कहा कि 9 मेगावॉट पनबिजली परियोजना के अलावा, 50,000 करोड़ रुपये की लागत वाली भारत की सबसे बड़ी 7,500 मेगावॉट क्षमता वाली सौर बिजली परियोजना अगले चार वर्षों में पूरी होगी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ ने अमरीकी रक्षा मंत्री डॉ. मार्क टी. एस्पर से की मुलाकात

0-दोनों मंत्रियों ने स्थानीय सुरक्षा तथा रक्षा सहयोग बढ़ाने के उपायों के बारे में चर्चा की

नई दिल्ली,17 नवंबर (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बैंकाक में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) के दौरान अमरीकी रक्षा मंत्री डॉ. मार्क टी. एस्पर से मुलाकात की। भारत और अमरीका के बीच बढ़ते संबंधों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा एवं सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, आतंकवाद से निपटने और जन-जन के बीच संबंधों सहित अनेक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है।



उन्होंने कहा कि भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत और अमरीका के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं और भारत की दृष्टि में भारत-प्रशांत एक ऐसा क्षेत्र होना चाहिए, जो कानून-सम्मत व्यवस्था द्वारा समर्थित तथा सार्वभौमिकता एवं प्रादेशिक एकता के प्रति सम्मान सहित एक स्वतंत्र एवं मुक्त, शांतिपूर्ण, समृद्ध और समावेशी हो। भारत-प्रशांत के बारे में भारत के दृष्टिकोण पर दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र एसोसिएशन केन्द्रित है। दोनों देश संयुक्त युद्धाभ्यास जैसे समुद्री सुरक्षा सहित, मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) संचालन और समुद्री डोमेन जागरूकता जैसे क्षेत्रों में एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। बैठक एक सकारात्मक माहौल में सम्पन्न हुई। अगले महीने दोनों मंत्री वाशिंगटन डीसी में आगामी 2 + 2 वार्ता के दौरान महत्वपूर्ण विचार-विमर्श के प्रति आशान्वित हैं।

एक ट्वीट में राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ अपनी बैठक को उत्कृष्ट बताया। उन्होंने कहा, हमने भारत और अमरीका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के उपायों के बारे में चर्चा की।

# नागरिकता संशोधन विधेयक पर हो सकता है घमासान

» संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू

नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं जबकि विपक्ष ने लोकसभा सांसद फारूक अब्दुल्ला की हिरासत के मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया और मांग की कि उन्हें सदन में भाग लेने की अनुमति दी जाए। बैठक में विपक्ष ने मांग की कि सत्र के दौरान आर्थिक मंदीए बेरोजगारी और कृषि संकट के मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की गई। संसद भवन के पुस्तकालय में सरकार की ओर से आयोजित सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संसद का सबसे महत्वपूर्ण काम चर्चा और बहस करना है। जोशी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सत्र भी पिछले सत्र जितना ही फलदायी होना चाहिए। उन्होंने मोदी को यह कहते हुए उद्धृत किया कि सरकार सदनों के नियमों और प्रक्रियाओं के दायरे में सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि संसद में रचनात्मक चर्चा नौकरशाही को भी सतर्क रखती है।

# कचरा फैलाने वाले को 5 साल जेल, 50 करोड़ जुर्माना!

## » गंगा प्रदूषण पर आएगा कानून

नईदिल्ली (आरएनएस)। गंगा में प्रदूषण फैलाने वालों पर सरकार अब सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रही है। सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार गंगा की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए बिल पेश करने वाली है। इसके तहत गंगा में प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है। खबर है कि अब ऐसा करने वालों को 5 साल की जेल तथा 50 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जलशक्ति मंत्रालय ने बिल का मसौदा तैयार कर लिया है और इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेज दिया गया है। इस बिल में 13 चैप्टर्स हैं। इसमें गैरकानूनी निर्माण कार्य, पानी के बहाव को रोकना, गंगा में गंदगी जैसे कई प्रावधान शामिल हैं।

इस बिल में कहा गया है कि अगर कोई बिना अनुमति के गंगा की धारा की बहाव में रुकावट पैदा करता है तो फिर उस पर ज्यादा से ज्यादा 50 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसी तरह अगर कोई गंगा के तट पर रहने के लिए घर या बिजनेस के लिए कोई कंस्ट्रक्शन करता है तो उसे पांच साल तक की जेल की सजा हो सकती है।

केंद्र सरकार गंगा को बचाने के लिए एक खास पुलिस फोर्स भी तैयार करेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री की देख रेख में नेशनल गंगा काउंसिल भी बनाया जाएगा। पीएम के अलावा इस काउंसिल में उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और झारखंड के मुख्यमंत्री भी होंगे।

# राष्ट्र निर्माण में राज्य सभा ने एक लंबा सफर तय किया लेकिन मीलों का सफर बाकी: नायडू

## » राज्यसभा का ऐतिहासिक 250वां सत्र आज से शुरू

नईदिल्ली (आरएनएस)। राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने कहा है कि 1952 में अपनी स्थापना के बाद से उच्च सदन ने देश के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में योगदान करते हुए एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन अभी भी सही कामकाज की दिशा में मीलों जाना बाकी है। उन्होंने रविवार को उपराष्ट्रपति निवास पर विभिन्न दलों और समूहों के नेताओं की एक बैठक में सदन की उपलब्धियों और इसके कामकाज पर चिंताओं को साझा किया।

पिछले 67 वर्षों के दौरान उच्च सदन की यात्रा का लेखा-जोखा देते हुए, नायडू ने कहा, 1952 में अस्तित्व में आने के बाद से राज्यसभा हमारे देश के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का एक अभिन्न अंग रही है। 1952 में हिंदू विवाह और तलाक विधेयक से लेकर 2019 में मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) विधेयक (तीन तलाक विधेयक), 1953 में धोतियों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने से लेकर 2017 में जीएसटी लागू करने, 1954 में औद्योगिक विवाद (संशोधन) विधेयक पारित करने से लेकर 2019 में नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र विधेयक, 1953 में आंध्र राज्य विधेयक पारित होने से लेकर 2019 में जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 1955 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान विधेयक को मंजूरी देने से लेकर 2019 में राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद विधेयक, 1954 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना से लेकर 2009 में बच्चों को सशक्त बनाने के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार और 1952 में निवारक नजरबंदी (दूसरा संशोधन) गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) विधेयक पारित करने से, राज्य सभा ने समय-समय पर देश में उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने और जरूरतों को पूरा करने का एक लंबा सफर तय किया है। लेकिन हमें अभी भी छूटे हुए समय और अवसरों का लाभ उठाते हुए देश की उसकी पूरी संभावना का एहसास कराने के लिए कई मील जाना बाकी है।



राज्य सभा के 249वें सत्र को पिछले कई वर्षों में सबसे अधिक उपयोगी बताते हुए नेताओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इस सत्र के दौरान वे इस सकारात्मक गति को बरकरार रखें ताकि कुछ और मील की दूरी को पूरा किया जा सके।